देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरुवार 10.07.2025
समय 07.20

समाचार :–

- उत्तराखंड सरकार ने ऊर्जा और पारदर्शिता के क्षेत्र में बड़ी पहल करते हुए भू–तापीय ऊर्जा नीति को मंजूरी दी
- शासन ने राज्य के विभिन्न विकास कार्यों के लिए 334 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं को वित्तीय स्वीकृति दी।
- कल से शुरू हो रही कावंड़ यात्रा के लिये शासन–प्रशासन तैयार, यात्रियों की सुविधा के लिये 27 जुलाई तक रेलवे हर दिन पांच मेला स्पेशल रेलगाड़ी चलाएगा।
- बदरीनाथ–केदारनाथ मंदिर समिति की बोर्ड बैठक में वर्ष 2025–26 के लिए 127 करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी दी गई।
- और, राज्य के विभिन्न हिस्सों में बारिश का दौर जारी, अगले दो दिनों में भी विभिन्न स्थानों पर वर्षा का अनुमान।

कैबिनेट

उत्तराखंड सरकार ने ऊर्जा और पारदर्शिता के क्षेत्र में बड़ी पहल करते हुए भू–तापीय ऊर्जा नीति को मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में कल हुई कैबिनेट बैठक में कई अहम प्रस्तावों पर मुहर लगी।

मंत्रिमण्डल ने उत्तराखंड भूतापीय ऊर्जा नीति 2025 को मंजूरी दी, जिसका उद्देश्य बिजली उत्पादन, हीटिंग–कूलिंग, जल शुद्धिकरण और सामुदायिक विकास के लिए भू–तापीय ऊर्जा का उपयोग बढ़ाना है।

कैबिनेट ने यह भी निर्णय लिया कि विधवा और वृद्धावस्था पेंशन अब बच्चों के बालिग होने के बाद भी नियमित रूप से जारी रहेगी।

खनिज क्षेत्र में सुधार के लिए राज्य खनिज अन्वेषण न्यास नियमावली 2025 और जिला खनिज फाउंडेशन न्यास नियमावली 2025 को मंजूरी दी गई।

लोक निर्माण विभाग में पुलों की क्षमता बढ़ाने के लिए परियोजना प्रबंधन इकाई का गठन किया जाएगा, जबकि विजिलेंस विभाग में 20 नए पद सृजित किए गए हैं।

मंत्रिमंडल ने राज्य कर विभाग में डिजिटल फॉरेंसिक लैब स्थापित का निर्णय भी लिया, जिससे टैक्स मामलों की तकनीकी जांच सशक्त होगी।

इसके अलावा, केंद्र सरकार की सूचीबद्ध 7 कंपनियों को आईटी सेवाओं की आपूर्ति के लिए राज्य में सूचीबद्ध किया जाएगा।

वित्तीय स्वीकृति

मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में सचिवालय में आयोजित व्यय समिति की बैठक में राज्य के विभिन्न विकास कार्यों के लिए 334 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं को वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई।

बैठक में पौड़ी जिले के गणियागांव और देवार गांवों में एनसीसी अकादमी के निर्माण के लिए लगभग 76 करोड़ रुपये मंजूर किए गए। टिहरी जिले में मुनि की रेती स्थित राम झूला पुल की मजबूती और सुरक्षा कार्यों के लिये लगभग ग्यारह करोड़ रुपये स्वीकृत हुए।

देहरादून के पुलिस लाइन रेसकोर्स में टाइप–2 श्रेणी के तीन ब्लॉकों में कुल 360 आवासों के निर्माण के लिए लगभग 156 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई।

वहीं, हरिद्वार जेल परिसर में आवासों के निर्माण के लिए 21 करोड़ रुपये तथा देहरादून जेल में 60 आवासों के लिए 21 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए।

मुख्य सचिव ने निर्देश दिए हैं कि सभी अनुमोदित कार्य तय समय–सीमा में और वित्तीय अनुशासन के साथ पूरे किए जाएं।

कांवड़ मेला

श्रावण मास की पवित्र कांवड़ यात्रा कल से शुरू हो रही है। यात्रा के दौरान हरिद्वार में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। इसलिये मेले के सुचारु संचालन और कानून–व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापक प्रशासनिक इंतजाम किए गए हैं। आज अपराह्न 4 बजे से मेला समाप्ति तक जिले में 16 सुपर जोनल मजिस्ट्रेट, 37 जोनल मजिस्ट्रेट और 124 सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है, जो दो पाली में काम करेंगे।

हरिद्वार नगर क्षेत्र की जिम्मेदारी नगर मजिस्ट्रेट को और उप–मंडलों की जिम्मेदारी संबंधित उप जिलाधिकारियों को सौंपी गई है।

कांवड़ मेला नियंत्रण कक्ष की स्थापना सीसीआर में की गई है, जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रोबेशन अधिकारी अविनाश भदौरिया और आपदा प्रबंधन अधिकारी मीरा रावत को सौंपी गई है। नियंत्रण कक्ष को 24 घंटे संचालित करने के लिए 12 कार्मिकों की ड्यूटी लगाई गई है।

कांवड़ मेला– सुरक्षा प्रबंध/रेलगाड़ी

इस बीच, कांवड़ यात्रा को देखते हुए हरिद्वार जिले के सभी विद्यालय, महाविद्यालय, तकनीकी शिक्षण संस्थान और आंगनबाड़ी केंद्र 14 जुलाई से 23 जुलाई तक बंद रहेंगे। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने बताया कि इस दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़, मार्ग बंद होने और ट्रैफिक डायवर्जन की वजह से विद्यार्थियों को आने–जाने में असुविधा हो सकती है। इसलिए 10 दिन का अवकाश घोषित किया गया है। आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित संस्थाओं पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

प्रशासन के अनुसार, 23 जुलाई तक चलने वाले देश के सबसे बड़े कांवड़ मेले में लगभग सात करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना है।

वहीं दूसरी ओर, कांवड़ मेले के दौरान 11 से 27 जुलाई तक रेलवे हर दिन पांच मेला स्पेशल ट्रेनें चलाएगा। दिल्ली से हरिद्वार के लिए सुबह 3 बजकर पांच मिनट पर और और शाम 4 बजकर 25 मिनट पर रेलगाड़ी चलेंगी, जो शामली, सहारनपुर, रुड़की होते हुए हरिद्वार पहुंचेंगी। मुरादाबाद से लक्सर के लिए सुबह सवा चार बजे स्पेशल ट्रेन चलेगी। दिल्ली शाहदरा से ऋषिकेश के लिए सुबह 4 बजकर 20 मिनट और आलमनगर

से ऋषिकेश के लिए दोपहर 12 बजकर पांच मिनट पर विशेष रेलगाड़ी चलाई जाएंगी। वापसी में सभी ट्रेनें देर रात या सुबह चलेंगी।

बजट

बदरीनाथ–केदारनाथ मंदिर समिति की बोर्ड बैठक में वर्ष 2025–26 के लिए 127 करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी दी गई। इसमें बदरीनाथ धाम के लिए 64 करोड़ और केदारनाथ धाम के लिए लगभग 63 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

समिति अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी की अध्यक्षता में देहरादून हुई बैठक में मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल और वित्त अधिकारी मनीष उप्रेती ने बजट प्रस्तुति दी। बैठक में बताया गया कि अब तक दोनों धामों में कुल 24 लाख 78 हजार तीर्थयात्री दर्शन कर चुके हैं।

मौसम

प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में बारिश का दौर जारी है। पर्वतीय क्षेत्रों में बारिश होने से गाढ़–गदेरे ऊफान पर हैं, जबकि भूस्खलन के कारण कई स्थानों पर सड़क मार्ग आवाजाही के लिये बाधित हैं। यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग अब भी ओजरी के समीप आवागमन के लिये अवरूद्ध है और इसे खोलने की कार्यवाही जारी है। अन्य मार्गों को खोलने के लिये भी कार्य किया जा रहा है। वहीं, मैदानी क्षेत्रों में भी बारिश के चलते कुछ स्थानों में जलभराव की समस्या हुई है। देहरादून में आज बारिश की संभावना के चलते स्कूलों और आगनवाड़ी केंद्रों में एक दिन का अवकाश घोषित किया गया है।

इस बीच, मौसम विभाग ने अगले दो दिनों में राज्य के विभिन्न हिस्सों में बारिश की संभावना जताई है। इस दौरान कहीं–कहीं भारी बारिश भी हो सकती है। विभाग ने आम लोगों को सतर्क रहने और अनावश्यक यात्रा से बचने को कहा है।

बैठक/ट्रैफिक सुधार

देहरादून के जिलाधिकारी सविन बंसल की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार में शहर के पुनर्विकास और पार्किंग योजनाओं को लेकर बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने बताया कि नगर के 10 अति व्यस्त जंक्शनों

की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कर ली गई है, जिसे इसी माह शासन को वित्तीय स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा।

बैठक में मौहब्बेवाला से राजपुर रोड और धूलकोट से कुआंवाला कॉरिडोर योजना, इंदिरा मार्केट रीडेवलपमेंट और नए आढ़त बाजार निर्माण की प्रगति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि इन परियोजनाओं की हर गतिविधि की साप्ताहिक समीक्षा प्रशासन स्तर पर की जाए। शहर में ट्रैफिक सुधार को लेकर जिलाधिकारी ने पुलिस और आरटीओ को सख्त प्रवर्तन के निर्देश दिए। अनाधिकृत रूप से खड़े वाहनों को सीज कर क्रेन से रेंजर्स ग्राउंड या काबुल हाउस ले जाने के आदेश दिए गए हैं। इसके लिये क्रेनों की संख्या भी दोगुनी की जाएगी। साथ ही आईएसबीटी पर सवारी चढ़ाने–उतारने वाले अनधिकृत वाहनों पर भी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। श्री बंसल ने कहा कि शहर के हर मुख्य जंक्शन, चौक और चौराहे को व्यवस्थित किया जाएगा। ऑन स्ट्रीट, ऑफ स्ट्रीट, मल्टीलेवल ऑटोमेटेड या सिविल पार्किंग व्यवस्था को भी बढ़ाया जाएगा। इसके साथ ही फुटपाथ, पैदल यात्री क्रॉसिंग, ट्रैफिक सिग्नल, साइकिल ट्रैक, व्यवस्थित बस स्टॉप और टैक्सी स्टैंड जैसे उपायों के जरिए सुरक्षित और सुगम यातायात सुनिश्चित किया जाएगा।

## सम्मान

खेल मंत्री रेखा आर्या ने बीसवीं राष्ट्रीय आइस स्केटिंग प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले उत्तराखंड के खिलाड़ियों को सम्मानित किया। यह प्रतियोगिता 25 से 30 जून तक देहरादून स्थित हिमाद्री आइस रिंक में आयोजित हुई थी, जिसमें देशभर से 500 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया।

उत्तराखंड के 23 खिलाड़ियों ने स्पीड और फिगर स्केटिंग में हिस्सा लिया और नौ पदक जीते। श्रीमती आर्या ने कहा कि आइस रिंक के पुनः शुरू होने से अब राज्य के खिलाड़ी आइस गेम्स में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना रहे हैं। उन्होंने बताया कि भारत की महिला आइस हॉकी टीम को यूएई रवाना होने से पहले यहीं प्रशिक्षण दिया गया था।

## समीक्षा बैठक

चमोली के जिलाधिकारी संदीप तिवारी की अध्यक्षता में पोषण ट्रैकर ऐप की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में चिन्हित कुपोषित और अति कुपोषित बच्चों की संख्या, उनके स्वास्थ्य स्तर और सुधार प्रयासों पर चर्चा की गई।

जिलाधिकारी ने सभी बाल विकास परियोजना अधिकारियों को निर्देश दिए कि आंगनबाड़ी केंद्रों में वितरित किए जा रहे संपूरक पोषण आहार की गुणवत्ता और मात्रा मानकों के अनुसार हो। उन्होंने सभी आंगनबाड़ी केंद्रों को बच्चों की वजन और ऊंचाई की नियमित माप करने और आहार की गुणवत्ता की सतत निगरानी करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि पोषण ट्रैकर पोर्टल पर बच्चों, गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं का डेटा समय से अपलोड किया जाए। साथ ही चिन्हित कुपोषित बच्चों का स्वास्थ्य विभाग की मदद से नियमित परीक्षण और फॉलोअप सुनिश्चित किया जाए।

गौरतलब है कि जिले में पोषण ट्रैकर के जरिए जिले में कुल 17 हजार 234 बच्चों को ट्रैक किया जा रहा

<u>और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर...</u>

उत्तराखंड कैबिनेट ने भू–तापीय बिजली बनाने का निर्णय लिया है। इस खबर को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया गया है। राष्ट्रीय सहारा लिखता है – उत्तराखंड में भू–तापीय बिजली उत्पादन का रास्ता साफ। दैनिक जागरण लिखता है – भू–तापीय स्थल खोजने व क्षमता विकास को तीन करोड़ तक की सहायता।

गुजराज के वडौदरा पुल हादसे से संबंधित समाचार को भी सभी समाचार पत्रों ने प्राथमिकता दी है। अमर उजाला ने खबर का शीर्षक लिखा है– गुजरात में पुल टूटा, चलती गाडिया नदी में गिरी, एक परिवार के छह समेत 13 की मौत। दैनिक जागरण लिखता है – वड़ौदरा में पुल ढहने से नदी में गिरे सात वाहन, 13 की मौत।